दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर – 273009

नैक द्वारा A++ श्रेणी प्रत्यायित
Accredited A++ by NAAC

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur - 273009

दिनॉक : 21/12/2024

सेवा में,

वेबसाइट इंचार्ज
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

विषय :– स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट/स्मार्टफोन हेतु विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 एवं 2023–24 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए आवश्यक सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट/स्मार्टफोन हेतु निम्न सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करे –

सूचना

सत्र 2022–23 एवं 2023–24 के उत्तीर्ण छात्र/छात्रायें जिन्होनें अभी तक डिजीशक्ति पोर्टल पर अपना ई0के0वाई0सी0 नही किया है वह छात्र/छात्रायें अपना ई0के0वाई0सी0 डिजीशक्ति पोर्टल https://digishakti.up.gov.in/ पर दिनॉक 24/12/2024 तक करना सुनिश्चित करे और जिनका ई0के0वाई0सी0 करते समय वेरिफिकेशन Failed हो गया है वह छात्र/छात्रायें एक आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की फोटोकापी व अंतिम वर्ष की अंकपत्र की छायाप्रति (जिसमे नामांकन संख्या अंकित हो) संलग्न करते हुए दिनॉक 24/12/2024 तक अधिष्ठाता, कला संकाय कार्यालय के ऊपर स्थित महिला सेल (GUWAA) में प्रातः 10:30 से अपरान्ह् 02:00 बजे तक अवश्य सम्पर्क करे।
छात्र/छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वह डिजीशक्ति पोर्टल पर दिये गये ई0के0वाई0सी0 सम्बन्धित दिशा–निर्देषों का सावधानीपूर्वक पालन करते हुए अपना ई0के0वाई0सी0 पूर्ण करे। जिन्होनें ई0के0वाई0सी0 करने के पूर्व ही https://epramaan.gov.in/ पोर्टल पर यूजर आई0डी0 व पासवर्ड बना लिया है उन्हे सलाह दी जाती है कि पहली बार बनाये गये यूजर आई0डी0 व पासवर्ड का ही ई0के0वाई0सी0 करते समय प्रयोग करे। जिन छात्र/छात्राओं का डिजीशक्ति पोर्टल पर डाटा Under Process दिखा रहा है उनका डाटा सत्यापन हेतु प्रक्रियाधीन है जो एक निश्चित समय सीमा के पश्चात् ई0के0वाई0सी0 का विकल्प डिजीशक्ति पोर्टल पर उपलब्ध हो जायेगा।
जिन छात्र/छात्राओं द्वारा पूर्व में किसी भी संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा मोबाइल/टैबलेट प्राप्त है उनको शासन के दिशानिर्देश के अनुसार पुनः इस योजना में पात्र नही माना जायेगा।

भवदीय,

मनीष कुमार श्रीवास्तव
(नोडल अधिकारी)

प्रतिलिपि :–

1. प्रति कुलपति महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को सूचनार्थ प्रेषित।
3. कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उपकुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।